





# नेशनल हाईवे-719 पर अनियंत्रित कंटेनर पलटा, दो घंटे लगा जाम

## टायर फटने से हुआ हादसा, डिडी गांव के पास यातायात प्रभावित

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 17 मई।** देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-719 पर रविवार को एक तेज रफ्तार कंटेनर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा डिडी गांव के समीप हुआ, जिससे हाईवे पर यातायात बाधित हो गया।



जानकारी के अनुसार कंटेनर तेज गति से हाईवे पर दौड़ रहा था, तभी अचानक उसका टायर फट गया। टायर फटने के बाद चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कंटेनर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद नेशनल हाईवे-719 पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**पुलिस ने संभाला मोर्चा**

घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था संभाली। पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटे हुए कंटेनर को हटवाकर मार्ग को सुचारू कराया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि कंटेनर पलटने से कुछ समय के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### पक्षियों के लिए कॉलेज परिसर में टांगे सकोरे

**भिंड, 17 मई।** भीषण गर्मी के बीच पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था पावन पथ समाज सेवा जन कल्याण समिति द्वारा पीएमश्री एमजेएस कॉलेज भिंड में सकोरे टांगने का अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन को पक्षियों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। पक्षियों की प्यास बुझाने का संदेश: कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. शिवप्रताप सिंह ने कहा कि गर्मी के दिनों में पक्षियों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, दुकान या आसपास एक सकोरा रख दे, तो अनेक पक्षियों की प्यास बुझाई जा सकती है और उनके जीवन की रक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास पर्यावरण संरक्षण में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

# जिला पंचायत सीईओ ने खेत तालाब, अमृत सरोवर एवं मां की बगिया का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 17 मई।** जिला पंचायत सीईओ वीरसिंह चौहान ने रविवार को ग्राम पुरा भीमनगर एवं इंदुर्खी पहुंचकर खेत तालाब एवं अमृत सरोवर तालाबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संरक्षण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**तालाबों की साफ-सफाई और कटाव सुधारने के निर्देश:** निरीक्षण के दौरान सीईओ वीरसिंह चौहान ने तालाबों की साफ-सफाई एवं किनारों पर हुए कटाव को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में अधिकतम जल संचयन सुनिश्चित करने के लिए तालाबों का बेहतर रखरखाव जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि वर्षा जल का संरक्षण प्रभावी ढंग से किया जा सके।

**मां की बगिया का भी किया अवलोकन:** इसके बाद सीईओ चौहान ने ग्राम पंचायत असनेहट में संचालित मां की बगिया का भ्रमण किया। यहां उन्होंने लगाए गए आंवला, नींबू, चीकू, आम एवं अमरूद के पौधों का अवलोकन कर उनकी देखरेख की जानकारी ली।



**सब्जी फसलों का लिया जायजा:** भ्रमण के दौरान उन्होंने कृषक द्वारा उगाई गई भिंडी, तोरई, ग्वारफली, धनिया, बैंगन सहित अन्य सब्जी फसलों का भी निरीक्षण किया। सीईओ ने खेती संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए कृषक से उत्पादन एवं फसल प्रबंधन के बारे में चर्चा की।

**जल संरक्षण और हरियाली बढ़ाने पर जोर:** निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं पौधरोपण से जुड़े कार्यों को गंभीरता से लिया जाए। खेत तालाब, अमृत सरोवर और बगिया जैसी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और किसानों के लिए उपयोगी साबित हो रही हैं।

# घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग अभियान शुरू

**भिंड, 17 मई।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पूर्व मध्यप्रदेश में योग को जनआंदोलन बनाने की दिशा में तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. नीलम कुशवाह ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा मंगलवार से 'घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग' अभियान की शुरुआत कर दी गई है। 40 दिनों तक चलेगा विशेष अभियान: यह अभियान मंगलवार से प्रारंभ होकर 21 जून 2026 तक लगातार 40 दिनों तक संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रदेश के 800 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ योग शिक्षक छोटे-छोटे समूहों को नियमित योगाभ्यास कराएंगे।

**भिंड जिले के 21 केंद्रों पर हो रहे योग सत्र:** इसी क्रम में भिंड जिले में भी कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. नीलम कुशवाह के निर्देशन में जिले के 21 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) संस्थानों पर प्रतिदिन योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। ये योग सत्र पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान, भोपाल के डिजिटल स्टूडियो से लाइव जुड़कर प्रतिदिन सुबह 8 बजे संचालित किए जा रहे हैं।

**घर बैठे ले सकेंगे लाइव योग प्रशिक्षण:** अभियान की खास बात यह है कि लोग घर बैठे ही ऑनलाइन माध्यम से लाइव योग प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। प्रदेशभर से करीब 15 हजार लोग प्रतिदिन ऑनलाइन योगाभ्यास से जुड़ने का लक्ष्य रखा गया है।



**योग स्वस्थ जीवनशैली का माध्यम :** कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग अब वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और आंतरिक ऊर्जा को जागृत करने का प्रभावी माध्यम है। योग और आयुर्वेद भारत की प्राचीन एवं समृद्ध धरोहर हैं, जिन्हें जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।

**जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर:** आयुष विभाग द्वारा अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने और नियमित योगाभ्यास के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं को लेकर वामपंथी संगठनों का आंदोलन तेज

## 6 जून को कलेक्ट्रेट और 18 जून को गोहद एसडीएम कार्यालय पर होगा धरना प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 17 मई।** भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार की नीतियों के विरोध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, सीटू, मध्यप्रदेश किसान सभा, खेत-मजदूर यूनियन, भारत की जनवादी नौजवान सभा एवं अखिल भारतीय महिला समिति ने संयुक्त रूप से आंदोलन की रणनीति तैयार की है। इस संबंध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी की बैठक शनिवार को राठौर धर्मशाला में जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



**भाजपा सरकार पर साधा निशाना:** बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने कहा कि भाजपा डबल इंजन सरकार की नीतियों के कारण देश का खजाना और जनता की जेब दोनों खाली हो रही हैं, जबकि कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल, डीजल एवं छोटे गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि से गरीब, श्रमिक एवं मध्यमवर्गीय परिवार प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को प्रति वर्ष 2 लाख रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन शासकीय विभागों में रिक्त पड़े करीब 1 लाख 20 हजार पद समाप्त कर दिए गए।

**मानदेय और पेंशन बढ़ाने की मांग:** बैठक में मांग की गई कि लाड़ली बहना योजना की राशि 3 हजार रुपए प्रतिमाह की जाए। साथ ही वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन बढ़ाकर 1500 रुपए प्रतिमाह करने, योजना कर्मियों, आउटसोर्स कर्मचारियों, आशा-ऊषा कार्यकर्ताओं, गांव चौकीदारों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम 26 हजार रुपए मानदेय दिए जाने की मांग उठाई गई।

**स्थानीय समस्याओं पर भी उठाई आवाज:** बैठक में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। इनमें वर्षा पूर्व शहरों के नालों की सफाई, अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति, जिन गांवों में श्मशान घाट नहीं हैं वहां श्मशान घाट एवं रास्तों का निर्माण, तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नामांतरण के लिए विशेष शिविर आयोजित करने की मांग शामिल रही।

**20 दिन का जनसंपर्क अभियान, फिर धरना प्रदर्शन:** बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी जनसंगठन संयुक्त रूप से 20 दिवसीय अभियान चलाकर करीब 15 हजार परिवारों से संपर्क करेंगे। इसके बाद 6 जून को भिंड कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं 18 जून को गोहद एसडीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में जिला सचिव ओमप्रकाश बाथम द्वारा प्रस्ताव रखा गया। इस दौरान प्रेम नारायण माहौर, राजेंद्र सिंह कुशवाह, अनिल दौनेरिया, भूपेंद्र सिंह गुर्जर, देवेंद्र शर्मा, राकेश प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शुक्ला कल करेंगे 704 लाख से अधिक की 4 सड़कों का लोकार्पण

**मेहगांव, 17 मई।** मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग राकेश शुक्ला दिनांक 19 मई 2026, मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र मेहगांव में क्षेत्र की जनता को अनेक विकास कार्यों की सौगात देंगे जिनकी कुल लागत 704.25 लाख से अधिक है और ये सड़कें क्षेत्र की संपर्क-सुविधा में सुधार लाएंगी मंत्री राकेश शुक्ला अपने निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मेहगांव में 284.98 लाख रूपये की लागत से 2.5 किमी. लंबाई की ग्वालियर मैन रोड से खेरियाबाग होते हुए मोरोली तक, 218.63 लाख रूपये की लागत से 1.50 किमी. लंबाई की जैतपुरा से पीपर पुरा मार्ग, 87.93 लाख रूपये की लागत से 0.50 किमी. लंबाई की मुरैना मैन रोड से देवरी की सड़कों का लोकार्पण खेरियाबाग हनुमान मंदिर पर करेंगे तथा 113.64 लाख रूपये की लागत से 01 किमी. लंबाई की मौ मैन रोड से सिद्ध बाबा मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। इन सड़कों के बनने से स्थानीय किसानों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी, आवागमन समय कम होगा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।



मेहगांव क्षेत्र की संपर्क-सुविधा में आयेगा सुधार

# एस आर आई स्कूल में नियमों की धज्जियां

### बिना रजिस्ट्रेशन चल रही कोचिंग, सुरक्षा-सुविधाओं का टोटा

**मालनपुर, 17 मई।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में हाईवे किनारे एस आर आई संचालित पब्लिक स्कूल शिक्षा विभाग के नियमों को ठेंगा दिखाकर चल रहा है। स्कूल परिसर में बिना किसी रजिस्ट्रेशन के अवैध कोचिंग सेंटर धड़ल्ले से संचालित हो रहा है, वहीं बच्चों की सुरक्षा के नाम पर भी बड़े-बड़े दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

कैसे चल रहा नियम विरुद्ध खेल सूत्रों के मुताबिक एस आर आई पब्लिक स्कूल में कोचिंग क्लास चलाई जा रही है। न तो कोचिंग का शिक्षा विभाग में रजिस्ट्रेशन है, न ही फीस और फैकल्टी की कोई जानकारी सार्वजनिक की गई है। कोचिंग रेगुलेशन एक्ट 2023 के तहत हर कोचिंग का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, पर संचालक ने नियमों को ताक पर रख दिया है।

**सुविधाओं का भी बुरा हाल :** विद्यालय में बुनियादी व्यवस्थाएं भी नदारद हैं। खेल मैदान नहीं: बच्चों के शारीरिक विकास के लिए जरूरी मैदान का नामोनिशान नहीं 2.शौचालय की कमी: छात्रों की संख्या के हिसाब से शौचालय पर्याप्त नहीं3. *सुरक्षा उपाय शून्य:* फायर सेफ्टी, ष्ष्टज्ञङ्क, इमरजेंसी एग्जिट जैसी कोई व्यवस्था नहीं। हाईवे पर स्कूल होने के बावजूद बच्चों की सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए



**अधिकारियों की मेहरबानी पर सवाल :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि तमाम शिकायतों के बावजूद शिक्षा विभाग और प्रशासन के अधिकारी इस स्कूल पर मेहरबान बने हुए हैं। *नियमों को ताक पर रखकर 'डंके की चोट' पर स्कूल और कोचिंग दोनों चलाए जा रहे हैं।* जबकि नियमानुसार मान्यता के लिए खेल मैदान, पर्याप्त कमरे, शौचालय, लैब और सुरक्षा मानक पूरे करना जरूरी होता है।

**क्या कहते हैं नियम :** कोचिंग रेगुलेशन: बिना रजिस्ट्रेशन कोचिंग चलाने पर 1 लाख तक जुर्माना और संस्थान सील हो सकता है

**स्कूल मान्यता:** बोर्ड मान्यता के लिए 200 वर्गमीटर खेल मैदान, प्रति 40 छात्रों पर 1 शौचालय अनिवार्य है

**सुरक्षा:** फायर और बिल्डिंग सेफ्टी सर्टिफिकेट जरूरी

**इनका कहना है**

आपके द्वारा जानकारी मिली है मैं दिखवाता हूं।

**श्याम किशोर भारद्वाज**
खंड शिक्षा अधिकारी गोहद

# म्युचुअल फंड अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित, युवाओं को निवेश के लिए किया प्रेरित

### एनजे इंडिया इन्वेस्ट प्राइवेट लिमिटेड के आयोजन में वित्तीय जागरूकता और बेहतर निवेश योजना पर हुई चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 17 मई।** एनजे इंडिया इन्वेस्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भिंड के किंग्स इंपिरियल होटल में म्यूचुअल फंड अवेयरनेस प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कंपनी के ब्रांच हेड विपुल सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर यूनिट मैनेजर साकेत दीक्षित सहित म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स कुंजबिहारी मिश्रा, मनोज कुमार गुप्ता, संजय कुशवाह, पंकज चौरसिया एवं अरुण सिंह ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन एवं युवाओं के बीच म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें बेहतर फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने निवेश के फायदे, नियमित बचत की आदत, भविष्य की आर्थिक सुरक्षा एवं व्यवस्थित निवेश योजना के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। सेशन में उपस्थित युवाओं ने निवेश संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता रही तथा कई प्रतिभागियों ने म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति विशेष रुचि दिखाई।

आयोजकों ने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय जागरूकता और सही निवेश रणनीति आर्थिक रूप से मजबूत भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रतिभागियों ने भी सराहना व्यक्त की।

### कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ में राघवेंद्र जाटव बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**भिंड , 17 मई।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. कामले की सहमति से कांग्रेस बेरोजगार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नेहा पालीवाल द्वारा राघवेंद्र जाटव को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी बेरोजगार प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी नेताओं ने उम्मीद जताई है कि राघवेंद्र जाटव संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं और बेरोजगारों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। राघवेंद्र जाटव पिछले कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जुड़े हुए हैं और संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे लगातार कांग्रेस की नीतियों, जनहितकारी योजनाओं एवं पार्टी के संदेश को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। राघवेंद्र को पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, समर्थकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं राघवेंद्र जाटव ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा युवाओं और बेरोजगारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का प्रयास करेंगे।



# लहचूरा में पुलिस का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीणों को किया जागरूक

## नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 17 मई।** मालनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लहचूरा में रविवार को पुलिस द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें सामाजिक बुराइयों, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

**नशा नाश की जड़, इससे दूर रहें:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने कहा कि नशा नाश की जड़ है। नशे की लत व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक साबित होती है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण लोग आपसी विवादों में उलझ जाते हैं, परिवार टूटते हैं और कई बार गंभीर अपराध तक हो जाते हैं। इसलिए युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे से दूर रहना चाहिए।

**सोशल मीडिया पर संयम बरतने की सलाह:** थाना प्रभारी ने युवाओं को सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट या टिप्पणियां कई बार कानूनी कार्रवाई का कारण बन जाती हैं। इससे युवाओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो जाते हैं, जो भविष्य में नौकरी वेरिफिकेशन जैसी प्रक्रियाओं में बाधा उत्पन्न करते हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर संयम और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करना जरूरी है।



**हादसा या अपराध होने पर तुरंत दें सूचना:** पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि आसपास कोई दुर्घटना, अवैध गतिविधि या संदिग्ध घटना दिखाई दे तो तत्काल डायल-112, महिला हेल्पलाइन या स्थानीय पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने में आमजन की सहभागिता बेहद जरूरी है।

**हेलमेट पहनने का दिया संदेश:** प्रदीप कुमार सोनी ने महिलाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि घर का कोई सदस्य बाइक से निकले तो उसे हेलमेट पहनने की याद अवश्य दिलाएं। हेलमेट न केवल जीवन की सुरक्षा करता है, बल्कि परिवार की जिम्मेदारी निभाने में भी सहायक है।

**जन चौपाल में साइबर ठगी और महिला सुरक्षा पर चर्चा:** जन चौपाल का मुख्य उद्देश्य साइबर ठगी, नशाखोरी, महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम तथा आपसी विवादों का मौके पर समाधान करना रहा। कार्यक्रम में ग्रामीणों को साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति अभियान और पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई।

**ग्रामीणों में दिखा उत्साह:** कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सीमा पति तहसीलदार पाल, सत्येंद्र राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# मालनपुर थाना प्रभारी ने लहचूरा में लगाई जन चोपाल लोगों की समस्याएं सुनी, ट्रैफिक नियम भी समझाएं

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 17 मई।** मालनपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत लहचूरा में रविवार को पुलिस ने जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सोनी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें विभिन्न सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ है। लोग नशा कर आपस में लड़ते और परिवार को खत्म कर लेते हैं। उन्होंने नशे की लत से बचने की सलाह दी। सोनी ने बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी से कई युवाओं पर मुकदमे दर्ज हो जाते हैं, जिससे नौकरी के वेरिफिकेशन में बाधा आती है और समाज में शांति व भाईचारा प्रभावित होता है।

**हादसा या अपराध हो तो तुरत दें सूचना**

थाना प्रभारी ने कहा कि हमारा युवा पीढ़ी को जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस तत्पर है। ग्रामीणों से अपील की कि आसपास कोई दुर्घटना या अवैध काम होने पर डायल-112, महिला हेल्पलाइन या पुलिस थाना प्रभारी को तुरंत सूचना दें। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि घर का कोई सदस्य बाइक से निकले तो उसे हेलमेट पहनने की याद दिलाएं, क्योंकि हेलमेट जान बचाने के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारी निभाने में भी सहायक है। जनसंवाद में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों में भारी उत्साह दिखा।

**पुलिस-जनता संवाद से समस्याएं:** जन चौपाल का मुख्य उद्देश्य साइबर ठगी, नशाखोरी, महिलाओं के प्रति अपराध पर रोक लगाना तथा आपसी विवादों का मौके पर ही समाधान करना रहा। सोनी ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति और पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने आपराधिक घटनाओं की रोकथाम, रात में पुलिस की गश्त बढ़ाने और अनर्गल अफवाहें फैलाकर माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों से सावधान रहने का आह्वान किया। चौपाल में उपस्थिति रहे सीमा / तहसीलदार बघेल सरपंच , सत्येंद्र राणा आदि समस्त ग्रामीण जन मौजूद रहे।